>

Title: Need to undertake construction of railway line between Khagaria and Kushewar Sthan, Hasanpur and Kusheswar Stahan-Sakri and gauge conversion of railway lines between Saharsa and Forbesganj and Madhepura and Purnia in Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (खगड़िया): बिहार पिछड़ा राज्य है, खासकर रेलवे की बहुत कमी है। बिहार राज्य के पूर्व-मध्य रेलवे हाजीपुर अंतर्गत, खगड़िया से कुशेश्वर स्थान, हसनपुर-कुशेश्वर स्थान- सकरी नई रेल लाईन निर्माण एवं सहरसा से फॉरबिसगंज तथा मधेपुरा से पूर्णियाँ आमान परिवर्तन निर्माण की स्वीकृति लगभग 13-14 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके निर्माण के कार्य धीमी गति से चलने के कारण निर्माण पूरा नहीं हो रहा है। यूपीए-2 सरकार के सभी रेल बजट में उक्त रेल लाईन के निर्माण कार्य अगले वर्ष तक पूरा करने का लक्ष्य रेल मंत्री घोषित करते रहते हैं। लेकिन आज तक उक्त रेल खंड का निर्माण पूर्ण नहीं हो रहा है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को भारी कठिनाई हो रही है। परियोजना के निर्माण कार्य धीमी गति से चलने के कारण उसके लागत में अप्रत्याशित वृद्धि होती जा रही है।

अतः रेल मंत्री उक्त परियोजना के काम पूर्ण करने के लिए पर्याप्त धनराशि का आवंटन कर निर्माण कार्य पूर्ण करायें।